हल्द्वानी (नैनीताल) एवं देहरादून से एक साथ प्रकाशित

समाचारों को विस्तार से व तत्काल पढ़ने के लिए क्लिक करें
Web:- www.jokhimnews.com
सूचना एवं लोकसम्पर्क विभाग, उत्तराखण्ड में "A" श्रेणी में सूचीबद्ध

# जोखिम

भय भूख एवम् भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्षरत् निर्भीक राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

वर्ष : 16 अंक : 96 | हल्द्वानी (नैनीताल) सोमवार 16 फरवरी 2026 | मूल्य रू 2 | पृष्ठ : 8

## सीएम ने नव दम्पत्ति को दिया आशीर्वाद



**नानकमत्ता संवाददाता. सीएम पुष्कर सिंह धामी ने नानकमत्ता में किसान आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष राजपाल सिंह के पुत्र रिदिम राज सिंह व इशिका की शादी समारोह में पहुंचकर वर बधू को आशीर्वाद दिया। शनिवार सायं नानकमत्ता के ताज पैलेस में आयोजित समारोह में सीएम पुष्कर सिंह धामी समेत विभिन्न राजनीतिक, सामाजिक व धार्मिक संगठनों के लोगों ने नवयुगल को शुभकामनायें दी।**

## महाशिवरात्रि पर जागेश्वर धाम में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

अल्मोड़ा संवाददाता. द्वादश ज्योतिर्लिंगों में प्रमुख जागेश्वर धाम में महाशिवरात्रि का पर्व श्रद्धा और आस्था के साथ मनाया गया। रविवार को देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु सुबह से ही मंदिर परिसर में जुटने लगे। तड़के चार बजे से मंदिरों में घंटियों की ध्वनि और हर-हर महादेव के जयकारों से पूरा क्षेत्र गुंजायमान हो उठा। भक्तों ने गंगाजल, बेलपत्र, धतूरा, फूल और चंदन अर्पित कर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। पूरे दिन मंदिरों में पूजा-अर्चना और रुद्राभिषेक का क्रम चलता रहा। मंदिर के पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न कराए। जागेश्वर मंदिर के प्रधान पुजारी कैलाशानंद महाराज महामंडलेश्वर ने बताया कि महाशिवरात्रि का दिन भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह से जुड़ा है। इस दिन जागेश्वर धाम में की गई पूजा और रुद्राभिषेक का विशेष महत्व होता है और इसका फल कई गुना अधिक प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि यह स्थल भगवान शिव की तपोभूमि माना जाता है, जहां पूजा-अर्चना का विशेष आध्यात्मिक महत्व है। महाशिवरात्रि के अवसर पर जागेश्वर धाम में मेले का भी आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय लोगों के साथ बाहर से आए श्रद्धालुओं ने भाग लिया। मेले में धार्मिक सामग्री, प्रसाद, हस्तशिल्प और स्थानीय व्यंजन आकर्षण का केंद्र रहे। कई श्रद्धालुओं ने भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। रात के समय मंदिर परिसर का दृश्य और भी अधिक आध्यात्मिक हो गया। चार पहर की विशेष पूजा के तहत भगवान शिव के 1008 नामों के साथ महारुद्राभिषेक और महाभोग लगाया गया। इस दौरान दीपों की रोशनी, मंत्रोच्चार और घंटियों की ध्वनि ने पूरे वातावरण को भक्तिमय बना दिया। श्रद्धालु पूरी रात जागकर भगवान शिव का स्मरण करते रहे। वहीं संतान प्राप्ति की कामना लेकर कई महिलाओं ने अखंड ज्योति के साथ विशेष पूजा की।

## कांवड़ियों व श्रद्धालुओं का जोरदार स्वागत किया

रामनगर संवाददाता. महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं ने हरिद्वार से गंगाजल लेकर आये कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की सेवा की और उनका जोरदार स्वागत किया। भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं ने फल,खीर और भोजन की व्यवस्था भी की। इस दौरान विधायक दीवान सिंह बिष्ट, भाजपा के पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनवाल, पूर्व राज्यमंत्री दिनेश मेहरा, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष घनश्याम शर्मा, गणेश रावत,नवीन करगेती भाजपा नेता संजय डार्बी आदि मौजूद रहें।



## कावड़ियों और श्रद्धालुओं को फल व खीर वितरित की

रामनगर संवाददाता रामनगर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व पालिकाध्यक्ष भगीरथ लाल चौधरी ने अपने समर्थकों के साथ हरिद्वार से गंगाजल लेकर आये कांवड़ियों व श्रद्धालुओं की सेवा करते हुए उनका जोरदार स्वागत किया। कावड़ियों और श्रद्धालुओं को फल व खीर वितरित की।इस दौरान पूर्व पालिकाध्यक्ष उर्मिला चौधरी, भाजपा नेता मोहम्मद आदिल आदि मौजूद रहें।



## झारखण्डेश्वर शिव मंदिर में तीन दिवसीय मेला शुरू

### -सितारगंज, शक्तिफार्म के शिव मंदिरों में हजारों भक्तों ने किया जलाभिषेक

सितारगंज संवाददाता. महाशिवरात्रि पर्व पर झारखण्डेश्वर शिव मंदिर में हजारों भक्तों ने जलाभिषेक किया। यहां तड़के से ही लम्बी बतारें लगी रही। रविवार से मंदिर परिसर में तीन दिवसीय मेला शुरू हुआ। भक्तों ने पूजा अर्चना के बाद खरीददारी की।रविवार की रात्रि में कावड़िये कांवर लेकर झारखण्डेश्वर शिव मंदिर, बघौरा मंदिर समेत आसपास के शिव मंदिरों में पहुंचे। यहां रातभर शिव जागरण का आयोजन हुआ। रविवार की तड़के कावड़ियों ने परिजनों व मित्रों के साथ वैदिक मंत्रोच्चारणों के साथ जलाभिषेक किया। सितारगंज, शक्तिफार्म क्षेत्र से भारी भीड़ उमड़ने के कारण दिनभर जाम लगा रहा। पुलिस व पीएसी तैनत रही।शक्तिफार्म के शिवतला और जय बाबा तारकनाथ धाम मंदिर सहित तमाम शिवालयों में जलाभिषेक करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। वहीं, सितारगंज के बघौरा शिव मंदिर, सनातन धर्म मंदिर, प्राचीन भूमिया देवी मंदिर, रामेश्वर शिव मंदिर, दुर्गा ज्योति पीठ समेत ग्रामीण अंचलों के तमाम शिवालयों में भी जलाभिषेक को भक्तों की लंबी कतारें लगी रही। भक्तों ने बम-बम भोले तथा हर-हर महादेव के जयघोष के साथ जलाभिषेक किया। भक्तों ने दूध, बेलपत्र, भांग, धतूरा इत्यादि चढ़ाकर भगवान शिव विधि विधान से पूजा की। यहां प्रसाद वितरण किया गया।



# सम्पादकीय

## अमेरिका के साथ व्यापार संधि

लाख टके का सवाल है आज अमेरिका के साथ जिस व्यापार संधि की बात है उसका असल कौन जानता है? क्या कैबिनेट में विचार हुआ? मंत्रियों के समूह, सचिवों के समूह में विचार हुआ? सवाल यह भी है कि अकेले अमेरिका के राष्ट्रपति ने समझौते की घोषणा क्यों की? क्यों फिर एक घंटे के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ट्रंप का आभार जताया, पुष्टि की? साझा घोषणा क्यों नहीं हुई? याद करें इसी तरह ट्रंप ने एकतरफा तरीके से 10 मई 2025 को भारत और पाकिस्तान के बीच सीजफायर का ऐलान किया था। उसके आधे घंटे के बाद भारत की ओर से एक मिनट से भी कम की एक प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी, जिसमें सीजफायर की पुष्टि की गई थी। इसी तरह ट्रंप ने ही ऐलान किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा और यह भी ऐलान किया कि भारत अब वेनेजुएला से तेल खरीदेगा।सवाल है जब साझा बयान तैयार नहीं है, समझौते की बातचीत पूरी तरह से फाइनल नहीं हुई है और तत्काल कोई प्रावधान लागू नहीं हो रहा था तो सोमवार, दो फरवरी की देर रात को इसकी घोषणा की क्या जरुरत थी?ध्यान रहे वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि अगले चार पांच दिन में साझा बयान तैयार हो जाएगा और उसकी घोषणा हो जाएगी। इसके बाद एक हफ्ते में भारत पर लगा टैरिफ कम होगा और मार्च के मध्य में श्पहला ट्रांच्र यानी समझौते के पहले हिस्से की घोषणा होगी। ऐसे में क्या यह उचित नहीं होता कि जब साझा बयान तैयार हो जाए तभी एक साथ उसकी घोषणा होती? पीयूष गोयल ने कहा है कि साझा बयान पर दस्तखत वर्चुअल तरीके से हो सकता है। जब ऐसा ही होना है तब तो यह और भी अच्छी स्थिति थी कि इंतजार किया जाता और एक साथ समझौते की घोषणा होती!लेकिन आनन फानन में दो फरवरी की रात को सवा नौ बजे के करीब भारत में अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से बात हुई है। उन्होंने लोगों को जुड़े रहने को भी कहा। इसके थोड़ी देर के बाद रात 10 बजे के करीब राष्ट्रपति ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर लंबी पोस्ट लिख कर कहा कि भारत के साथ समझौता हो गया। इसके एक घंटे बाद रात 11 बज कर दो मिनट पर प्रधानमंत्री मोदी ने इसकी पुष्टि की। ध्यान रहे सोमवार को दिन में राहुल गांधी संसद में पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का अंश लेकर संसद में पहुंचे थे और अपने भाषण में इसे उठाने का प्रयास किया था।हालांकि उनको बोलने नहीं दिया गया लेकिन सबको पता चल गया कि 31 अगस्त 2020 की रात को क्या हुआ था। कैसे भारत के राजनीतिक नेतृत्व ने सेना और सेना प्रमुख को उनके हाल पर छोड़ दिया था। उसी दिन रात में समझौते की खबर आई। लेकिन राहुल गांधी पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा। वे अगले दिन किताब लेकर संसद में पहुंचे और यह भी कहा कि श्प्रधानमंत्री कंप्रोमाइज्ड है्र। राहुल ने कहा कि अमेरिका ने एपस्टीन फाइल्स की बहुत सी बातें अभी सार्वजनिक नहीं कीं। उनके मुताबिक एपस्टीन फाइल्स और अडानी के ऊपर मुकदमे की वजह से प्रधानमंत्री दबाव में हैं और इस वजह से समझौता हुआ है। पता नहीं हकीकत क्या है लेकिन सरकार की हड़बड़ी और टाइमिंग पर निश्चित रूप से सवाल खड़े होते हैं। हड़बड़ी की बात इसलिए है क्योंकि समझौते की घोषणा के चार दिन बाद तक किसी को पता नहीं है कि इसमें क्या है। वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने संसद में भी बता दिया है कि समझौता हो गया है और इसमें किसानों, पशुपालकों सहित देश के हर वर्ग के हितों का ख्याल रखा गया है। किसी के हित से समझौता नहीं किया गया है। लेकिन उधर अमेरिका के दौर पर गए विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि उनको समझौते के बारे में खास जानकारी नहीं है। उन्होंने कहा कि इस बारे में वाणिज्य मंत्री जान रहे होंगे। हालांकि उनके अमेरिका दौरे पर व्यापार समझौते से जोड़ कर ही देखा जा रहा है। समझौते के अगले दिन से भारत की मीडिया में यह खबर चलती रही कि जयशंकर अमेरिका गए हैं, जहां वे अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो से समझौते को लेकर बातचीत करेंगे। हालांकि समझौते की बातचीत में विदेश मंत्री शामिल नहीं थे इसलिए यह कहना पूरी तरह से सही नहीं था कि वे व्यापार संधि के बारे में बात करेंगे। फिर भी मीडिया में खबर चलती रही और सरकार की ओर से किसी ने इस पर पक्ष नहीं रखा। तभी लोगों ने इस पर यकीन किया।

# महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा

अजीत द्विवेदी

अजित पवार के निधन से महाराष्ट्र की राजनीति में बड़ा बदलाव होगा। ऐसा होना न तो अनायास होगा और न आश्चर्यजनक होगा। आमतौर पर इतने बड़े नेता का जब भी असमय निधन होता है या उसके साथ कोई हादसा होता है तो राजनीति बदलती है। कई राज्यों में इसके प्रमाण मिल जाएंगे। अरुणाचल प्रदेश में हेलीकॉप्टर हादसे में तत्कालीन मुख्यमंत्री दोरजी खांडू के निधन के बाद अरुणाचल की राजनीति हमेशा के लिए बदल गई। कलिखो पुल थोड़े दिन मुख्यमंत्री रहे और बाद में उन्होंने कई गंभीर आरोप लगाने के बाद खुदकुशी कर ली थी। दोरजी खांडू के बेटे पेमा खांडू ने पहले अलग पार्टी बनाई और फिर पार्टी का भाजपा में विलय करके भाजपा के मुख्यमंत्री बन गए। अरुणाचल प्रदेश, जहां कांग्रेस का इतना मजबूत आधार था वहां वह पूरी तरह से खत्म हो गई।इसी तरह आंध्र प्रदेश में हेलीकॉप्टर दुर्घटना में तत्कालीन मुख्यमंत्री वाईएसआर रेड्डी का निधन हुआ तो पूरी राजनीति बदल गई। वे संयुक्त आंध्र प्रदेश के आखिरी क्षत्रप साबित हुए। उनके निधन के बाद कांग्रेस ने उनके बेटे जगन मोहन रेड्डी को सीएम नहीं बनाने की जिद में किरण रेड्डी और के रोसैया का प्रयोग किया और अंत में राज्य का विभाजन हुआ। विभाजन के बाद आंध्र प्रदेश में कांग्रेस का अस्तित्व पूरी तरह से समाप्त हो गया। 2014 से लेकर अभी तक तीन लोकसभा और तीन विधानसभा चुनावों में कांग्रेस का खाता नहीं खुल पाया है। अलग हुए राज्य तेलंगाना में 10 साल के बाद जरूर कांग्रेस लौटी लेकिन आंध्र प्रदेश में कोई संभावना नहीं दिख रही है।मध्य प्रदेश में माधवराव सिंधिया के विमान दुर्घटना में निधन के बाद पिछले करीब 25 साल में कांग्रेस सिर्फ एक बार बहुमत के करीब पहुंच पाई है और उस समय भी सिर्फ सवा साल की ही सरकार बनी। राजीव गांधी के निधन के बाद की राष्ट्रीय राजनीति का सबको पता है। कांग्रेस की राजनीति में कैसी उथलपुथल रही वह भी सबको पता है। भारतीय राजनीति के इतिहास की इस पृष्ठभूमि में जब अजित पवार के विधन को देखते हैं तो साफ दिखाई देता है कि महाराष्ट्र की राजनीति में बहुत सी चीजें बदल सकती हैं। मौजूदा सरकार और राजनीति दोनों का शक्ति संतुलन प्रभावित होगा। अजित पवार एक संतुलनकारी ताकत के तौर पर महाराष्ट्र की राजनीति में मौजूद थे।इसमें संदेह नहीं है कि उनकी पार्टी रहेगी लेकिन उनके जैसी राजनीति करने वाला कोई नहीं होगा। 2024 के विधानसभा चुनाव में जब भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति ने 235 सीटों का प्रचंड बहुमत हासिल किया तब भी सरकार का गठन कई दिनों तक अटका रहा था। एकनाथ शिंदे नाराजगी दिखा रहे थे। उस समय भी ब्रेक थ्रू अजित पवार ने दिया था। देवेंद्र फड़नवीस, एकनाथ शिंदे और अजित पवार की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में जब एक पत्रकार ने शिंदे से पूछा, श्क्या आप उप मुख्यमंत्री बनेंगे्र? वे कुछ बोलते उससे पहले अजित पवार ने कहा, श्एकनाथ शिंदे का पता नहीं हैं लेकिन मैं शपथ ले रहा हूं्र। इसके बाद अपने आप सारा खेल बदल गया था।अजित पवार एक तरफ से देवेंद्र फड़नवीस की राजनीति के लिए कवच का काम कर रहे थे। फड़नवीस के साथ उन्होंने एक बार 80 घंटे की सरकार भी बनाई थी। उससे भी पता चलता है कि दोनों के बीच केमिस्ट्री कैसी थी। अब फड़नवीस की राजनीति का वह कवच हट गया है। उन्हें अब अकेले पार्टी के अंदर के संघर्ष का मुकाबला करना होगा और पार्टी के बाहर गठबंधन की राजनीति यानी एकनाथ शिंदे के दांवपेंच का भी मुकाबला अकेले करना होगा। फड़नवीस चाहेंगे कि अजित पवार की पार्टी की कमान ऐसे व्यक्ति के हाथ में हो, जिसके साथ वे सहजता से सारी बातें कर सकें। अजित पवार के परिवार से कौन फड़नवीस के साथ उप मुख्यमंत्री बनता है और बारामती की सीट से कौन उपचुनाव लड़ता है इससे बहुत कुछ तय होगा।जहां तक अजित पवार की पार्टी का सवाल है तो उनके सामने कई विकल्प हैं। एक विकल्प तो यथास्थिति का है। लेकिन नेता के नहीं होने पर यथास्थिति संभव नहीं होती है। इसके बावजूद पार्टी के पास स्वतंत्र राजनीति का रास्ता है। अगर अजित पवार की पार्टी अपना स्वतंत्र अस्तित्व बनाए रखती है तो उसके लिए अच्छा होगा लेकिन उसके लिए जरूरी है कि कोई मजबूत नेता पार्टी की कमान संभाले। ऐसा नेता, जो भाजपा के साथ गठबंधन में रहते हुए भी उसे आंख दिखा सके और जरुरत पड़ने पर भाजपा को रोकने के लिए उसकी विरोधी पार्टी से भी तालमेल कर सके। ध्यान रहे अजित पवार ने शहरी निकाय चुनाव में शरद पवार की पार्टी से तालमेल किया था। इस तरह की स्वतंत्र राजनीति सबसे अच्छा विकल्प है। दूसरा विकल्प शरद पवार का नेतृत्व स्वीकार करने और दोनों एनसीपी के विलय का है। कहा जा रहा है कि अजित पवार कुछ समय से इसकी तैयारी कर रहे थे। अगर उन्होंने कोई रूपरेखा बनाई हो तब इस रास्ते पर जाना भी एक अच्छा विकल्प हो सकता है।लेकिन तब भी यह सवाल रहेगा कि नेता कौन होगा? जाहिर तौर पर 85 साल के शरद पवार तो नेता नहीं हो सकते हैं। फिर कौन? सुप्रिया सुले, सुनेत्रा पवार, पार्थ व जय पवार में से कोई या रोहित व युगेंद्र पवार में से कोई या परिवार से बाहर के सुनील तटकरे, प्रफुल्ल पटेल और धनंजय मुंडे? एक तीसरा विकल्प अपनी स्वतंत्रता से समझौता करके भाजपा की शरण में जाने का है। अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार अपने दोनों युवा बेटों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए यह रास्ता चुन सकती हैं। एक बार चुनाव लड़ चुके पार्थ पवार राज्य सरकार में शामिल हों और सुनेत्रा खुद केंद्र की सरकार में मंत्री बनें। यह स्थिति देवेंद्र फड़नवीस के भी अनुकूल हो सकती है।जो हो इतना तय है कि अजित पवार के अचानक महाराष्ट्र के राजनीतिक क्षितिज से चले जाने से प्रदेश की राजनीति का लैंडस्केप भी पूरी तरह से बदलेगा। भारतीय जनता पार्टी इसमें अपने विस्तार की संभावना देख रही होगी। ध्यान रहे जब शिव सेना एकजुट थी और एनसीपी भी एकजुट थी तब भाजपा अपना विस्तार उन इलाकों में करना चाहती थी, जहां उसका मजबूत आधार नहीं था। लेकिन दो मजबूत प्रादेशिक पार्टियों की वजह से वह ऐसा नहीं कर पा रही थी। तभी उसने शिव सेना में विभाजन को डिजाइन किया और एनसीपी का विभाजन भी प्लान किया। दोनों पार्टियों के बंटने और कमजोर होने के बाद के पहले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने अकेले 132 सीटें जीतींउसके बाद पहले स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा ने प्रदेश भर में ग्रामीण व शहरी इलाकों में 50 फीसदी सीटें हासिल की। शिव सेना के असर वाले इलाकों यानी महाराष्ट्र मेट्रोपोलिटन रीजन, एमएमआर में मुंबई उसने एक तरह से कब्जा कर लिया और ठाणे को छोड़ कर कल्याण डोंबिवली व उल्लासनगर में वह शिंदे सेना की बराबरी में रही। एमएमआर और कोंकण दोनों इलाके में उद्धव की पार्टी हाशिए पर चली गई। ऐसे ही पुणे, पिंपरी चिंचवाड़ और परभणी में शरद व अजित पवार के एक साथ लड़ने पर भी भाजपा ने उनको हरा दिया। विदर्भ में पहले से भाजपा का मजबूत आधार है। अब अजित पवार के नहीं रहने के बाद भाजपा पश्चिमी महाराष्ट्र और मराठवाड़ा में अपना आधार बढ़ा सकती है। वह दोनों शिव सेना और दोनों एनसीपी को समाप्त करके या बहुत कमजोर करके महाराष्ट्र की राजनीति में अपनी निर्णायक बढ़त स्थापित कर सकती है।शरद पवार इस स्थिति को समझ रहे होंगे और वे परिवार के भीतर भाजपा की विस्तारवादी राजनीति से होने वाले संभावित नुकसान पर बात भी करेंगे। उद्धव ठाकरे और एकनाथ शिंदे को भी भाजपा की इस राजनीति का अंदाजा होगा। परंतु इन चारों प्रादेशिक पार्टियों के क्षत्रपों को यह भी अंदाजा होगा कि वे अकेले दम पर भाजपा की इस राजनीति का मुकाबला नहीं कर पाएंगे। महाराष्ट्र की राजनीति में एक खालीपन कांग्रेस के कमजोर होने से भी है। कांग्रेस के पास अगर विलासराव देशमुख जैसा कोई करिश्माई और मजबूत नेता होता तो वह भाजपा विरोधी पार्टियों को एक मंच पर लाने का प्रयास कर सकता था। बहरहाल, अगले कुछ दिन महाराष्ट्र की राजनीति में उथलपुथल के रहेंगे और जब अजित पवार के असमय व दुखद निधन से उठा तूफान थमेगा तब दीर्घकालिक राजनीति की तस्वीर बननी शुरू होगी।

# मुख्यमंत्री धामी ने किया खटीमा के वनखंडी महादेव मन्दिर, चकरपुर में आयोजित महाशिवरात्रि मेले का शुभारम्भ

देहरादून संवाददाता. सूबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा के वनखंडी महादेव मन्दिर, चकरपुर में आयोजित महाशिवरात्रि मेले का फीता काटकर शुभारम्भ किया व सभी श्रद्धालुओं एवं प्रदेश वाशियों को महाशिवरात्रि



की बधाई व शुभकामनायें दी। माननीय मुख्यमंत्री ने वंखण्डी महादेव मन्दिर में शिवलिंग पर जलाभिषेक किया व पूजा अर्चना कर प्रदेश की सुख-शान्ति, समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा की वंखण्डी महादेव मन्दिर में बड़ी संख्या श्रद्धालुओं का आवागमन होता है, इसीलिए कार्ययोजना बना कर मन्दिर को विकसित किया जायेगा। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जोशी, गंभीर सिंह धामी, गोपाल सिंह बिष्ट, जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित मन्दिर समिति के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

## शादी से पहले पुराने दोस्त ने युवती को दी निजी फोटो वायरल करने की धमकी

देहरादून संवाददाता. शादी की तैयारियों के बीच एक युवती को उसके पूर्व दोस्त ने निजी वायरल करने की धमकी दी है। आरोपी है कि वह शादी तुड़वाने के इरादे से यह हरकत कर रहा है। पीड़िता की शिकायत पर रविवार को पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने हरियाणा निवासी आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर पटेलनगर सीबीएस अधिकारी ने बताया कि क्षेत्र की 24 वर्षीय युवती ने तहरीर दी। बताया कि उसकी दोस्ती पूर्व में हरियाणा के सिरसा जिले के पन्नीवाला मोटा निवासी सुनील पुत्र बलबीर सिंह से थी। आरोप है कि दोस्ती के दौरान आरोपी ने युवती के कुछ निजी फोटो हासिल कर लिए थे। अब इन तस्वीरों का हवाला देकर वह युवती को लगातार ब्लैकमेल कर रहा है। युवती की शादी तय हो चुकी है। आरोपी अब उसकी शादी तुड़वाने पर आमादा है और लगातार पीछा कर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी सुनील उसे सोशल मीडिया पर फोटो वायरल करने की धमकी दे रहा है। इतना ही नहीं, वह युवती के परिजनों और दोस्तों को फोन कर अनर्गल बातें कर रहा है। ऐसे में शादी की तैयारियों के बीच पीड़िता मानसिक तनाव में आ गई है। डर है कि वर पक्ष को पता लग गाया तो शादी टूट जाएगी। इंस्पेक्टर अधिकारी ने बताया कि आरोपी सुनील के खिलाफ संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## गलत दिशा से आ रही बाइक ने युवक को मारी टक्कर

देहरादून संवाददाता. जीएमएस रोड पर गलत दिशा से आ रहे एक बाइक सवार ने स्कूटी सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। बीते नौ फरवरी को हुए हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया है, जिसका उपचार अस्पताल के आईसीयू में चल रहा है। सुभाष नगर निवासी जसवीर सिंह ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हादसे में अमनदीप के सिर, चेहरे और पैर पर गंभीर चोटें आई हैं, जबकि हाथ की हड्डी कई जगह से टूट गई है। पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। --- बाइक की टक्कर से व्यक्ति को कई फ्रेक्चर : आईएसबीटी के पास मेहूंवाला में बीते 28 दिसंबर को बाइक की टक्कर से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया।

## दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में 828 रुपये में दिल की सारी जांचें, बुखार का प्रोफाइल 971 में होगा

देहरादून संवाददाता. दून मेडिकल कॉलेज अस्पताल में अब मरीजों को अलग-अलग जांचों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा और न ही ज्यादा जेब ढीली करनी होगी। निदेशालय के निर्देश पर अस्पताल में पहली बार श्हेल्थ चेकअप पैकेजश सुविधा शुरू होने जा रही है। इसके तहत महज 610 रुपये में मिनी हेल्थ चेकअप और 971 रुपये में बुखार की पूरी कुंडली (प्रोफाइल) जांची जा सकेगी। वहीं 828 रुपये में दिल की सभी जांचें होगी और 2009 रुपये में कंपलीट हेल्थ चौकअप होगा। निजी लैबों से यहां पर पैकेज में जांच तीन गुना तक सस्ती हो जाएगी। चिकित्सा अधीक्षक (एमएस) डॉ. आरएस बिष्ट ने बताया कि चिकित्सा शिक्षा निदेशक डॉ. अजय आर्य के निर्देशों पर शुक्रवार को अस्पताल में इसकी तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पंजीकरण प्रभारी विनोद नैनवाल ने सभी 17 पैकेजों को बिलिंग सिस्टम में अपडेट और दरें निकाल दी है। एमएस ने सीपीआरओ महेंद्र भंडारी, पंजीकरण प्रभारी विनोद नैनवाल और आयुष्मान समन्वयक दिनेश रावत को निर्देश दिए हैं कि वे जल्द से जल्द इसके लिए अलग कक्ष, पंजीकरण और बिलिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करें। लैब से समन्वय बनाकर तकनीशियनों की ड्यूटी लगाने को भी कहा गया है। एक सप्ताह में मिलेगी सुविधा अस्पताल प्रशासन का लक्ष्य है कि एक सप्ताह के भीतर स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत और सचिव डॉ. सचिन कुर्वे के हाथों इस योजना का विधिवत शुभारंभ कराया जाए, ताकि आम जनता को सस्ती दरों पर उच्च स्तरीय जांच सुविधा का लाभ मिल सके। ऐसे समझे दून अस्पताल और निजी लैबों में जांच दरों में अंतर पैकेज दून अस्पताल में दर निजी में डर एग्जीक्यूटिव पैकेज (30 वर्ष से अधिक आयु के लिए): 1123 2500 हेल्दी हार्ट पैकेज: 828 1500 पीडियाट्रिक पैनल (बच्चों के लिए) 655 1800 रूटीन हेल्थ प्रोफाइल (मिनी हेल्थ चेक-अप) 610 1150 लिपिड प्रोफाइल: 200 500 एनीमिया प्रोफाइल: 607 1500 फीवर पैनल-1: 971 2400 आर्थराइटिस प्रोफाइल/जोड़ों का दर्द: 1062 2600 एंटीनेटल प्रोफाइल: 746 1950 कार्डियक इंजरी: 1195 3050 पैनक्रियाटिक प्रोफाइल: 1187 1800 डायबिटीज प्रोफाइल: 1207 2500 फर्टिलिटी प्रोफाइल: 1763 3000 ट्यूमर मार्कर: 3588 5000 विटामिन्स : 800 1400 प्री-ऑपरेटिव प्रोफाइल: 1317 2700 कम्पलीट हेल्थ प्रोफाइल: 2009 2500

संक्षिप्त समाचार...

## कांग्रेस ने ट्रेड डील रद करने की मांग की

रुड़की संवाददाता. कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने बैठक करके भारत व अमेरिका के बीच हुई ट्रेड डील पर चर्चा की। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि भाजपा सरकार जब से सत्ता में आई है, तभी से अमेरिका का भारत पर प्रभुत्व बढ़ रहा है। कहा कि अब मोदी सरकार ने जो ट्रेड डील की है, वह भी पूरी तरह भारत के हितों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि इस डील से देश के छोटे और लघु उद्योग समाप्त हो जाएंगे, स्वदेशी वस्तुओं का प्रयोग घटेगा, साथ ही महंगाई भी बढ़ेगी। उन्होंने इस डील को तत्काल रद करने की मांग की। बैठक में डॉ. उमादत शर्मा, जगदेव सिंह, सुरेश कुमार, बालेश्वर सिंह, अमित शर्मा, गुफरान अंसारी, मनोज कुमार, सनव्वर राजा, मुकीम हसन, नसीम अंसारी, आकिल हसन, रवि कुमार, धर्मपाल सिंह समेत काफी लोग मौजूद थे।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

रुड़की संवाददाता. मस्जिद कट पर टैंपो ट्रेवल्स और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार 18 वर्षीय युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही परिजनों को भी मामले की जानकारी दे दी गई है। पुलिस के अनुसार, रविवार दोपहर कस्बे भगवानपुर में मस्जिद कट के समीप टैंपो ट्रेवल्स और बाइक की भिड़ंत हो गई। इसमें 18 वर्षीय बाइक सवार सिद्धार्थ निवासी नन्हेड़ा अनन्तपुर की मौके पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक के शव को कब्जे में ले पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। साथ ही मामले की जानकारी युवक के परिजनों को दे दी गई है। युवक की मौत की खबर सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। उप निरीक्षक प्रदीप चौहान ने बताया कि युवक के शव को कब्जे में ले पंचनामा कार्रवाई करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## घर में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ की

रुड़की संवाददाता. कोतवाली क्षेत्र के ग्राम ठसका में शराब के नशे में धुत कुछ युवकों ने एक परिवार के घर में घुसकर मारपीट, तोड़फोड़ और महिलाओं के साथ अभद्रता कर दी। पुलिस के कार्रवाई न होने से क्षुब्ध वाल्मीकि समाज के लोगों ने रविवार को मंगलौर कोतवाली पहुंचकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर तहरीर दी। इंस्पेक्टर अमरजीत सिंह ने बताया कि तहरीर प्राप्त हुई है और मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान अमित तलवार, रवि टांक, अमित कुमार, संजय वाल्मीकि, रोहित समेत अन्य उपस्थित रहे।

## महाशिवरात्रि पर्व पर कस्बे से देहात तक हुआ जलाभिषेक

रुड़की संवाददाता. महाशिवरात्रि पर्व पर सीमली मंदिर और खानपुर के जटा महादेव शंकर मंदिर पर तीन दिवसीय मेले की शुरुआत हो गई। जलाभिषेक के बाद बड़ी संख्या में मेलों में पहुंचकर लोगों ने खरीदारी की। इस दौरान पुलिस बल मौजूद रहा। बताते चलें कि रविवार को महाशिवरात्रि पर्व कस्बे से लेकर देहात तक धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह तड़के से ही श्रद्धालु स्नान करने के बाद भगवान शिव के मंदिरों में पहुंचना शुरू हो गए। लक्सर कस्बे के सीमली स्थित मंदिर पर भक्तों ने जल चढ़ाया और क्षेत्र के लोगों की मेले में भारी भीड़ रही। मंदिर के पुजारी अरविंद शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करने का बड़ा ही महत्व है। इसके अलावा खानपुर के महाभारत कालीन स्थित जटा महादेव शंकर मंदिर पर भी लोगों ने जलाभिषेक किया। वहां पर तीन दिवसीय मेले का भी आयोजन हो गया। इस मेले में दूसरे राज्यों के भी श्रद्धालु मंदिर पर प्रसाद चढ़ाने के लिए आते हैं। वहीं प्रलादपुर के शिव हनुमान मंदिर पर भी जलाभिषेक किया गया। पथरी के जंगल में स्थित पथलेश्वर महादेव पर भी जलाभिषेक हुआ। इसके अलावा लक्सर कस्बे के खंड विकास कार्यालय में स्थित प्राचीन शिव मंदिर व शिवपुरी शिव मंदिर पर जलाभिषेक किया गया मंदिर के पुजारी पंडित संदीप भारद्वाज शास्त्री ने बताया कि यहां पर श्रद्धालुओं के साथ-साथ कावड़ियों ने भी जलाभिषेक किया। उधर महाभारत कालीन स्थित पंचलेश्वर पश्चिम मुहानी मंदिर पर भी श्रद्धालुओं ने पहुंच कर जलाभिषेक किया। इसके अलावा कस्बे से लेकर देहात तक स्थित मंदिरों में जलाभिषेक किया गया। वहीं महिलाओं व पुरुषों ने स्नान व जलाभिषेक कर व्रत रखा। पंडित सुशांत शर्मा ने बताया कि महाशिवरात्रि पर्व पर भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। उधर एसडीएम सौरभ असवाल व सीओ देवेंद्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र में सभी मंदिरों में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था।

# सतपुली मल्ली के पास हाईवे पर आया बोल्डर, तीन घंटे ठप रही आवाजाही

पौड़ी संवाददाता. पौड़ी नेशनल हाईवे पर गुमखाल-सतपुली के बीच हाईवे चौड़ीकरण के दौरान सतपुली मल्ली के पास रविवार दोपहर बोल्डर आने से मार्ग अवरूद्ध हो गया। मार्ग के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई। छोटे वाहन वैकल्पिक मार्ग कुल्हाड़-रैतपुर और गुमखाल-जयहरीखाल-मैंदोली मार्ग से होकर सतपुली और कोटद्वार पहुंचे। बस और ट्रक आदि बड़े वाहन दोनों ओर वहीं खड़े रहे। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद निर्माण एजेंसी ने पोकलेन मशीनों से बोल्डर को हटाकर आवाजाही शुरू कराई। गुमखाल और सतपुली के बीच कई जगहों पर चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। रविवार को दोपहर करीब 12:50 बजे पहाड़ कटिंग के दौरान कुल्हाड़ व सतपुली के बीच सतपुली मल्ली में एक विशाल बोल्डर व मलबा हाईवे पर आ गया जिससे कोटद्वार और पहाड़ी क्षेत्रों की ओर से आने वाले दर्जनों वाहन दोनों ओर फंस गए। इस दौरान दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगी रही। छोटे वाहन कटुगांव-रैतपुर और गुमखाल-जयहरीखाल-मैंदोली मार्ग से होकर सतपुली और कोटद्वार पहुंचे, जबकि बस और ट्रक आदि बड़े वाहन दोनों ओर वहीं खड़े रहे। इससे बसों से यात्रा कर रही सवारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। कई बसों ने सवारियों को आपस में अदल-बदल कर वापसी की राह पकड़ी। करीब 3 घंटे बाद अपराह्न 3:45 बजे बोल्डर को हटाकर मार्ग को आवाजाही के लिए खोला गया। इससे पहले गत 20 जनवरी को भी यहां पर काफी मात्रा में बोल्डर व मलबा आने से आवाजाही ठप हुई थी। तब एनएच प्रशासन को मार्ग को खोलने में तीन दिन का समय लगा था। --कुल्हाड़ व सतपुली मल्ली गांव के बीच पहाड़ कटिंग के दौरान बड़ा बोल्डर आने से पौड़ी हाईवे दोपहर 12:50 बजे बंद हो गया था। पोकलेन मशीनों से बोल्डर को हटवाकर आवाजाही सुचारू करा दी गई है। इस दौरान हाईवे करीब तीन घंटे बाधित रहा। -आशीष सैनी, जेई एनएच खंड धुमाकोट।

## चारधाम यात्रा से पहले बीआरओ की सुस्ती बढ़ाएगी मुसीबत

**- बड़ी मुसीबत बन सकती है चिन्यालीसौड़ से लेकर सोनगाड तक भूस्खलन जोन के साथ धंसी हुई हैं सड़के**

उत्तरकाशी संवाददाता.गंगोत्री हाईवे पर गत वर्ष के मानसून सीजन में सक्रिय भूस्खलन जोन इस वर्ष भी चारधाम यात्रा में बड़ी मुसीबत बनेंगे लेकिन अभी तक इनके ट्रीटमेंट और गंगोत्री हाईवे की सुरक्षा के लिए किसी प्रकार के कार्य नहीं किए गए हैं। चिन्यालीसौड़ से लेकर सोनगाड तक भूस्खलन जोन के साथ ही धंसी हुई सड़कें बड़ी मुसीबत बन सकती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि दो माह बाद चारधाम यात्रा शुरू हो जाएगी। गत वर्ष की आपदा के दौरान चिन्यालीसौड़ से जनपद मुख्यालय तक धरासू, नालूपानी, शनि मंदिर के समीप नए भूस्खलन जोन सक्रिय हुए थे। साथ ही रतूड़ीसेरा में हालांकि बीआरओ की ओर से ट्रीटमेंट कार्य किया जा रहा है लेकिन उस पर धीमी गति से हो रहा कार्य दोबारा मुसीबत बन सकता है। वहां पर स्थिति यह है कि हल्की बारिश में भी मलबा और बोल्डर हाईवे पर गिर जाते हैं। साथ ही नए सक्रिय भूस्खलन जोन से बीआरओ की ओर से मात्र गंगोत्री हाईवे से मलबा हटाया गया लेकिन उस पर किसी प्रकार के सुरक्षात्मक कार्य नहीं किए गए। यही स्थिति जनपद मुख्यालय से सोनगाड तक बनी हुई है। इस बीच में कई वर्षों से नासूर बना नेताला भूस्खलन जोन के साथ ही ओंगी सहित डबरानी के समीप सक्रिय नए भूस्खलन जोन खतरा बनेंगे। साथ ही भटवाड़ी में दो स्थानों पर हाईवे का करीब 100 से 150 मीटर हिस्सा धंस गया था। वहीं, नाग मंदिर के समीप आपदा में बहे पुल के स्थान पर वैली ब्रिज तो बना लेकिन उसके आसपास क्षतिग्रस्त सड़क भी दुर्घटना को न्योता दे रही है। बीआरओ और प्रशासन की यह लापरवाही आगामी चारधाम यात्रा के दौरान एक बार फिर बड़ी मुसीबत बनेगा। इस संबंध में अधिकारियों से फोन पर संपर्क करने पर नहीं हो पाया।

### पालिका में छह माह से ईओ का पद खाली, विकास कार्य प्रभावित

पौड़ी संवाददाता. जिला व मंडल मुख्यालय होने के बावजूद नगर पालिका में पिछले छह माह से अधिशासी अधिकारी (ईओ) का पद रिक्त पड़ा है। नियमित ईओ की तैनाती नहीं होने से पालिका के वित्तीय, प्रशासनिक व विकास कार्यों पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। वर्तमान में नगर निगम श्रीनगर की सहायक नगर आयुक्त गायत्री बिष्ट ईओ का अतिरिक्त प्रभार संभाल रही हैं। अगस्त 2025 में तत्कालीन ईओ शांति प्रसाद जोशी का तबादला हुआ था। इसके बाद नगर पालिका टिहरी के ईओ संजय कुमार की तैनाती पौड़ी में की गई, लेकिन उन्होंने अब तक पदभार ग्रहण नहीं किया है। 25 अगस्त 2025 से प्रभार व्यवस्था के तहत कामकाज संचालित हो रहा है। नियमित ईओ के अभाव में नई योजनाओं की डीपीआर तैयार करने, शासन से पत्राचार, कर्मचारियों की निगरानी, निरीक्षण और समस्याओं के त्वरित समाधान जैसे कार्य प्रभावित हो रहे हैं।

## आमसौड़-जमरगड्डी मार्ग के डामरीकरण व तीन पुलों के निर्माण की जगी उम्मीद

कोटद्वार संवाददाता. खस्ताहाल आमसौड़-जमरगड्डी मार्ग व प्रस्तावित तीन स्टील पुलों के निर्माण की अब उम्मीद जगी है। शासन ने 50 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत की है। निर्माण कार्य के लिए रेट रिवाइज की प्रक्रिया पूरी होने के बाद टेंडर की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। शासन ने वर्ष 2018-19 में पांच किमी आमसौड़-जमरगड्डी मार्ग के निर्माण को स्वीकृति प्रदान की थी। प्रथम चरण के कार्यों के लिए 321.22 लाख का बजट आवंटित किया गया था। कार्यदायी संस्था नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कॉरपोरेशन (एनपीसीसी) पीआईयू दुगड्डा की ओर से रोड कटिंग का कार्य किया गया था। शासन की ओर से वर्ष 2020 में द्वितीय चरण के निर्माण कार्य के लिए 231.60 लाख की धनराशि आवंटित की गई जिसके तहत कॉजवे व डामरीकरण का कार्य किया जाना था। कार्यदायी संस्था ने मार्ग का डामरीकरण किया। वर्ष 2022 में शासन ने झवाणासार गदेरे में पुल निर्माण के लिए 1.72 करोड़ रुपये, काटल गांव के समीप सुनारी गदेरे में पुल निर्माण के लिए 1.52 करोड़ रुपये, जमरगड्डी मल्ली में पुल के लिए 1.68 करोड़ रुपये की धनराशि स्वीकृत की।वहीं, आपदा से क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत न होने से ग्रामीणों को आवाजाही करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। वर्ष 2023 की आपदा में झवाणासार व सुनारी गदेरे में निर्माणाधीन दोनों पुलों के नीचे का अधिकांश हिस्सा निकट की पहाड़ी के दरकने से खस्ताहाल हो गया है। जमरगड्डी तल्ली गांव में ग्रामीण बलवंत सिंह के आवास के निकट सड़क का करीब सौ मीटर हिस्सा ध्वस्त होने से बरसात में गांव में भू-धसाव का खतरा भी बना है। ग्रामीण बलवंत सिंह, पूर्व प्रधान अनीता देवी, यशपाल सिंह आदि ने तीनों पुलों का निर्माण व खस्ताहाल मार्ग के डामरीकरण की मांग उठाई है।आमसौड़-जमरगड्डी मोटर मार्ग के आपदा से क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत के लिए शासन से आपदा मद में 50 लाख रुपये का बजट स्वीकृत हुआ है। रेट रिवाइज होते ही टेंडर की प्रक्रिया शुरू होगी। बरसात से पहले निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाएगा। पुलों का शेष कार्य भी पूरा कराया जाएगा। - शुभम जैन, एई नेशनल प्रोजेक्ट कंस्ट्रक्शन कारपोरेशन (एनपीसीसी) पीआईयू दुगड्डा।

### सरकार लालढांग-चिल्लरखाल मार्ग पर बनाए एलिवेटेड रोड

कोटद्वार संवाददाता. महिला कांग्रेस की पूर्व प्रदेश महामंत्री रंजना रावत ने लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग के निर्माण पर लगी रोक हटने पर खुशी व्यक्त करते हुए इसके लिए सभी संगठनों को बधाई दी। उन्होंने केंद्र व राज्य की डबल इंजन सरकार से जल्द इस मार्ग पर एलिवेटेड रोड बनाने की मांग की। कहा कि यदि सरकार ने मार्ग निर्माण में कोताही की तो कांग्रेस आंदोलन को बाध्य होगी। रविवार को पत्रकार वार्ता में उन्होंने यह बात कही। कहा कि चिल्लरखाल में मार्ग निर्माण को लेकर पिछले 150 दिनों से क्षेत्रवासी आंदोलनरत थे। सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के बाद हम मार्ग निर्माण की दिशा में अभी एक कदम आगे बढ़े हैं। सरकार बार-बार यह कह रही थी कि अभी हमें सुप्रीम कोर्ट से मंजूरी नहीं मिली है लेकिन अब कोर्ट से निर्माण कार्य पर लगी रोक हट गई है। गेंद अब प्रदेश सरकार के पाले में है। उन्होंने प्रदेश सरकार से सवाल किया कि अब मार्ग निर्माण को लेकर सरकार का क्या स्टैंड है और सरकार मार्ग को किस तरह से बनाने जा रही है। सरकार इस पर एक ऐसा माइलस्टोन स्थापित करे जिससे आने वाले समय पर किसी सरकार को इस पर काम न करना पड़े।

कांग्रेस नेत्री रंजना रावत ने कहा कि कोटद्वार-रामनगर कंडी मार्ग पर भी वाहनों की आवाजाही शुरू होनी चाहिए। साथ ही इस मार्ग का निर्माण भी होना चाहिए। कहा कि कंडी मार्ग के बनने से गढ़वाल व कुमाऊं मंडल आपस में जुड़ सकेंगे। दोनों मंडलों के बीच की दूरी 85 किमी कम हो जाएगी। इस मौके पर बलवीर सिंह रावत, रमेश चंद्र खंतवाल, प्रदीप नेगी, बीरेंद्र रावत, कृपाल सिंह नेगी आदि मौजूद रहे।

### कंडीसौड़ में सीवर लाइन बिछाने का प्रस्ताव पारित

उत्तरकाशी संवाददाता. चंबा-धरासू हाईवे पर बसे कंडीसौड़ बाजार में सीवर लाइन बिछाने का प्रस्ताव बैठक पारित किया गया। सीवरेज सिस्टम न होने से चारधाम यात्रा के दौरान बाजार में गंदगी की समस्या बनी रहती है। कंडीसौड़ के ग्राम प्रधान सुमन सिंह गुसाईं की अध्यक्षता में हुई बैठक कंडीसौड़ में सिवर लाइन बिछाए जाने का प्रस्ताव सर्वसम्मति पारित किया गया। ग्राम प्रधान गुसाईं ने बताया कि होटलों और घरों से शौचालयों की निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण व्यावसायिक लोगों को सबसे अधिक परेशानी उठानी पड़ रही है। समस्या समाधान के लिए सीवर लाइन के निर्माण पर सभी ने सहमति जताई। कहा कि कंडीसौड़ बाजार को साफ और स्वच्छ बनाएं रखने के लिए सीवरेज सिस्टम जरूरी है। बैठक में निर्णय लिया गया कि इस संबंध में शीघ्र क्षेत्रीय विधायक को पत्र देकर अवगत करवाया जाएगा। साथ ही उक्त प्रस्ताव को तैयार कर जिला योजना में शामिल करने के लिए जिलाधिकारी से आग्रह किया जाएगा। बैठक में उपस्थित ग्राम विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह राणा ने कहा स्वच्छता के क्षेत्र में ग्राम पंचायत यह अच्छी पहल है। इस मौके पर प्रेमलाल भट्ट, बुद्धि सिंह, चमन सिंह, रणवीर सिंह, राजेंद्र सिंह, हरदेव सिंह, महिपाल सिंह गुसाईं आदि मौजूद रहे।

### यूकेडी ने निकाली रैली, 70 सीटों पर चुनाव लड़ने का एलान

चमोली संवाददाता. उत्तराखंड क्रांति दल (यूकेडी) ने रविवार को भाजपा और कांग्रेस पर प्रदेश के जल, जंगल और जमीन के मुद्दों को उलझाए रखने का आरोप लगाते हुए बाजार में रैली निकालकर जनसभा की। पार्टी ने आगामी विधानसभा चुनाव में प्रदेश की सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ने और सरकार बनाने का दावा किया। यूकेडी युवा प्रकोष्ठ के केंद्रीय अध्यक्ष आशीष नेगी के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने परखाल तिराहे से मुख्य बाजार तक नारेबाजी करते हुए रैली निकाली। बस स्टैंड पर आयोजित सभा में नेगी ने कहा कि भाजपा और कांग्रेस ने बारी-बारी से प्रदेश में शासन किया लेकिन 25 वर्ष बाद भी स्थायी राजधानी का निर्णय नहीं हो पाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पहाड़ी क्षेत्रों में डाकघरों तक में बाहरी राज्यों के कर्मियों की नियुक्ति की जा रही है व विकास के नाम पर शराब की दुकानें खोलकर युवाओं को नशे की ओर धकेला जा रहा है। प्रदेश में बढ़ती हत्याओं को उन्होंने लचर कानून व्यवस्था का परिणाम बताया। नेगी ने कहा कि यूकेडी सत्ता परिवर्तन के लिए सभी 70 सीटों पर चुनाव लड़ेगी और सरकार बनाकर रोजगार के अवसर सृजित कर पलायन रोकने का काम करेगी।

### नौ साल बाद भी अधूरी जौरासी-तोणजी सड़क, ग्रामीणों ने दी आंदोलन की चेतावनी

चमोली संवाददाता. विकासखंड पोखरी में वर्ष 2017 से निर्माणाधीन नौ किमी लंबी जौरासी-तोणजी सड़क अब तक पूरी नहीं हो सकी है। ग्रामीणों ने द्वितीय चरण के कार्यों में भारी लापरवाही और घटिया गुणवत्ता का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन भेजकर कार्यदायी संस्था पर कार्रवाई और अधूरे निर्माण को शीघ्र पूरा कराने की मांग की है। चेतावनी दी कि मांग पूरी न होने पर पोखरी तहसील में आंदोलन शुरू किया जाएगा। ग्रामीणों के अनुसार सड़क प्रथम चरण में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के तहत साढ़े सात किमी हिल कटिंग तक सीमित रही जबकि द्वितीय चरण का कार्य एनपीसीसी को सौंपा गया। तोणजी और किमोठा के ग्रामीणों का कहना है कि सड़क कटिंग के दौरान जिन खेतों को क्षति पहुंची, उनका अब तक मुआवजा नहीं मिला।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# सीएम धामी ने किया खटीमा सिविल न्यायालय में अधिवक्ताओं हेतु नव निर्मित चौम्बर का लोकार्पण

देहरादून संवाददाता. मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर एक करोड़ की लागत से खटीमा सिविल न्यायालय में अधिवक्ताओं हेतु नव निर्मित चौम्बर का फीता काटकर व दीप प्रज्वालित कर लोकार्पण किया। कार्यक्रम में सम्बोधित करते हुए माननीय मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं को महाशिवरात्रि पर्व व नए चौम्बर बनने की बधाई व शुभकामनायें दीं। उन्होंने कहा कि नया चौम्बर अधिवक्ताओं के लिए न्यायिक विमर्श व विधि अध्ययन का महत्वपूर्ण केंद्र बनेगा तथा न्यायिक कार्य सरलता से व त्वरित होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेर्तत्व न्याय व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने हेतु कई महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे है। उन्होंने कहा कि खटीमा व खटीमा के आस पास से आने वाले अधिवक्ताओं के लिए व आम जन के लिए लाभकारी सिद्ध होगी। उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने जो पुराने गैर जरूरी व अंग्रेजो के जमाने से चले आ रहे कानूनों को हटाकर वर्तमान परिस्थितियों के अनुरूप भारतीय न्याय संहिता 2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 लागू करने का ऐतिहासिक



काम किया है। जिससे न्यायिक व्यवस्था प्रभावी हो रही है, ई-कोर्ट्स प्रोजेक्ट, नेशनल ज्यूडिसियल डाटाक्रेट, फास्ट्ट्रेक, स्पेशल कोर्ट, महिला एवं बाल अपराधों के लिए त्वरित न्याय तंत्र, ऑनलाइन के माध्यम से सुनवाई और डिजिटल केस मैनेजमेंट सिस्टम जैसी पहलों के द्वारा न्याय व्यवस्था को और अधिक तेज और सुगम बनाने की दिशा में क्रन्तिकारी परिवर्तन किये गए है। उन्होंने कहा की आज न्यायलयों में तकनीकी के प्रभावी उपयोग ने न केवल समय की बचत की है बल्कि प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी और सुरक्षित बनाया है। जिससे न्याय प्रक्रिया पहले से अधिक विश्वसनीय वैज्ञानिक और प्रामाणिक बनी है।माननीय मुख्यमंत्री ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रधानमंत्री बनने के पश्चात देश भर में लगभग 7 हजार से अधिक कोर्ट का व 11 हजार आवासीय इकाइयों का निर्माण किया गया है, जो अपने आप में एक बहुत बड़ा रिकॉर्ड है।

### प्रदर्शनों के दौरान आमजन-स्कूली छात्र प्रभावित न हों: एसएसपी

देहरादून संवाददाता. राजधानी देहरादून की यातायात व्यवस्था को पटरी पर लाने और धरना-प्रदर्शनों के दौरान लगने वाले जाम से जनता को निजात दिलाने के लिए नवनियुक्त एसएसपी प्रेमेंद्र डोबाल ने तैयार की है। रविवार को एसएसपी ने खुद ग्राउंड जीरो पर उतरकर उन मार्गों का निरीक्षण किया, जो रैलियों और प्रदर्शनों के कारण अक्सर प्रभावित रहते हैं। एसएसपी ने इस दौरान उन स्थलों का जायजा लिया जहां बैरिकेडिंग की जाती है। निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि सुरक्षा व्यवस्था ऐसी हो जिससे स्कूली बच्चों और आम जनता को कम से कम असुविधा हो। उन्होंने निर्देश दिए कि यदि किसी रूट को डायवर्ट करना अनिवार्य हो, तो उसकी सूचना समय रहते जनता तक पहुंचाई जाए।

## फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल का देहरादून में 61वें संस्करण का भव्य कार्यक्रम

देहरादून संवाददाता. देहरादून के ऐतिहासिक परेड ग्राउंड में रविवार को "फिट इंडिया संडेज ऑन साइकिल" के 61वें संस्करण का उत्साहपूर्ण आयोजन किया गया। उत्तराखंड की धुंधली पहाड़ियों, सर्दियों की सुनहरी धूप और



साल वृक्षों से घिरे वातावरण में आयोजित इस कार्यक्रम में फिटनेस, सामुदायिक सहभागिता और पर्यावरण जागरूकता का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम का आयोजन स्पोर्ट्स ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार समेत अन्य सहयोगियों द्वारा किया गया। इस आयोजन में 1000 से अधिक साइकिल चालकों ने भाग लिया, जिनमें स्कूली छात्र, युवा, पेशेवर, वरिष्ठ नागरिक तथा फिटनेस प्रेमी शामिल रहे। पूरा परेड ग्राउंड ऊर्जा, संगीत और प्रेरणा से भर गया और दून घाटी एक जीवंत फिटनेस उत्सव में परिवर्तित हो गई। कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित खिलाड़ियों और फिटनेस आइकनों की प्रेरक उपस्थिति रही, जिनमें भारतीय बॉक्सिंग की उभरती हुई हेवीवेट खिलाड़ी नूपुर श्योराण, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी गोलकीपर एवं कोच योगिता बाली, ओलंपियन रेस वॉकर मनीष सिंह रावत, अर्जुन पुरस्कार से सम्मानित बास्केटबॉल खिलाड़ी विशेष भृगुवंशी तथा तेनजिंग नोर्गे नेशनल एडवेंचर अवॉर्ड से सम्मानित पर्वतारोही ताशी मलिक शामिल रहे। खिलाड़ियों ने प्रतिभागियों के साथ संवाद कर नियमित फिटनेस और अनुशासन के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर उत्तराखंड के पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि "चाहे व्यक्ति खिलाड़ी हो या नहीं, उसमें खेल भावना अवश्य होनी चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार...

### अतिक्रमण हटाने के लिए अभियान चलाएगा नगर निगम

देहरादून संवाददाता. नगर निगम की ओर से अतिक्रमण करने और सफाई मानकों का उल्लंघन करने वाले लोगों के खिलाफ कार्रवाई के लिए अभियान चलाया जा रहा है। अपर नगर आयुक्त आईएएस प्रवीण कुमार ने बताया कि सोमवार से निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी। उन्होंने लोगों से गाइडलाइन का पालन करने की अपील की है।

### टिहरी के युवक का था चंद्रबनी नाले में मिला शव

देहरादून संवाददाता.पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत चंद्रबनी श्मशान घाट के पास नाले में शुक्रवार को मिले अज्ञात शव की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। मृतक की पहचान टिहरी निवासी 23 वर्षीय युवक के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में डूबने (फेफड़ों में पानी भरने) से मौत की पुष्टि हुई है। कोतवाली पटेलनगर के इंस्पेक्टर सीबीएस अधिकारी ने रविवार को बताया कि शव की शिनाख्त अंशुल रावत (23) निवासी ग्राम डांग, थाना कीर्तिनगर, जिला टिहरी के रूप में हुई है। पुलिस जांच में सामने आया कि अंशुल रोजगार के सिलसिले में देहरादून में रह

### ब्रिटिश संसद से दून के डॉ. जखमोला को मिला बुलावा

देहरादून संवाददाता. दून के प्रसिद्ध चिकित्सक डॉ. गौतम प्रसाद जखमोला को लंदन स्थित ब्रिटिश संसद में आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित होलिस्टिक मेडिसिन कॉन्फ्रेंस 2026 में बतौर विशिष्ट अतिथि आमंत्रित किया गया है। आगामी 10 अप्रैल 2026 को होने वाले इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का नेतृत्व द 1928 इंस्टीट्यूट और इंडिया आॅल-पार्टी पार्लियामेंट्री ग्रुप कर रहा है।

## धूमधाम से मनाया गया महाशिव रात्रि पावन पर्व

काशीपुर संवाददाता. महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर क्षेत्र के शिवालयों में शिव भक्तों द्वारा पूजा अर्चना कर शिवलिंग पर जलाभिषेक किया गया। जहां भक्तों के द्वारा घर परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इस दौरान क्षेत्र के दर्जनों स्थानों पर धार्मिक आयोजनों समेत विशाल भंडारे भी किए गए। बता दें कि हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर वापस लौटने वाले कांवड़ियों का जत्था हजारों की संख्या में बीते शनिवार की शाम चौती मेला मैदान में जमा हो गया। इस दौरान भगवा वस्त्र में बम बम भोले हर हर भोले के गगनभेदी उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो गया। रात 12 बजे के बाद मोटेश्वर महादेव मंदिर पर जलाभिषेक करने को लेकर कांवड़ियों की लंबी कतार लग गई। यहां चारों तरफ हर मंदिर हर घर में ओम नमः शिवाय की गूंज सुनाई दे रही है। इस दौरान घंटे की धुन के बीच हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर आए कांवड़ियों ने एक के बाद एक भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करना जो शुरू किया यह क्रम लगातार जारी रहा। इस दौरान चौती परिसर में मेले का आयोजन भी किया गया। नगर के मोहल्ला गौतम नगर स्थित प्राचीन शिव मंदिर, टांडा उज्जैन स्थित शिव मंदिर, मोहल्ला पक्काकोट स्थित नागनाथ मंदिर, जसपुर खुर्द स्थित वासियों वाला मंदिर, गिरीताल मंदिर, चामुंडा मंदिर, मोहल्ला आवास विकास स्थित शिव मंदिर, द्रोणासगर स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर, डमरू वाले बाबा मंदिर में भक्तों के द्वारा जलाभिषेक किया गया।

## चंद्रशेखर आर घोड़के ने संभाली वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अल्मोड़ा की जिम्मेदारी

अल्मोड़ा रविवार को चंद्रशेखर आर. घोड़के (आईपीएस) ने जनपद अल्मोड़ा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के रूप में कार्यभार ग्रहण कर लिया। जनपद पहुंचने पर उन्होंने पुलिस कार्यालय में सलामी लेने के बाद विधिवत रूप से पदभार संभाला। इससे पूर्व वह बागेश्वर में पुलिस अधीक्षक तथा ऊधमसिंह नगर में अपराध एवं यातायात के पुलिस अधीक्षक के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके हैं। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जिले के वरिष्ठ अधिकारियों से परिचयात्मक बैठक की और इसके बाद मीडिया से पहली औपचारिक बातचीत करते हुए अपनी प्राथमिकताएं साझा कीं। उन्होंने कहा कि जनपद में कानून व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना, यातायात व्यवस्था में सुधार, साइबर अपराधों पर नियंत्रण और महिला सुरक्षा सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। उन्होंने विशेष रूप से नशे के खिलाफ अभियान को प्रभावी ढंग से चलाने पर जोर देते हुए कहा कि युवाओं को नशे से बचाना और नशे की गिरफ्त में आ चुके युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना जरूरी है। इसके लिए जनजागरूकता अभियानों को भी व्यापक स्तर पर चलाया जाएगा।

## रामनगर में महाशिवरात्रि पर गूलर सिद्ध महादेव में उमड़ा आस्था का सैलाब, हजारों श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

रामनगर संवाददाता. रामनगर में महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा।भक्तों ने दूध, बेलपत्र और गंगाजल अर्पित कर शिव आराधना में लीन रहे। रामनगर स्थित प्रसिद्ध गूलरसिद्ध



महादेव मंदिर में भी सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। रामनगर शहर से करीब दो किलोमीटर दूर पहाड़ी पर स्थित यह प्राचीन मंदिर श्रद्धा, इतिहास और लोकमान्यताओं का अद्भुत संगम माना जाता है। मान्यता है कि यहां सच्चे मन से मांगी गई हर मनोकामना अवश्य पूर्ण होती है। यही कारण है कि महाशिवरात्रि के अवसर पर दूर-दूर से कांवड़िये और शिवभक्त यहां जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं।मंदिर समिति के अध्यक्ष डॉक्टर निशांत पपने ने बताया कि रविवार तड़के से ही मंदिर परिसर में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था।हर हर महादेव और बम बम भोले के जयकारों से पूरा वातावरण शिवमय हो उठा। हजारों कांवड़ियों ने गंगाजल चढ़ाकर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्थाओं के विशेष इंतजाम किए गए हैं ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।गूलर सिद्ध महादेव मंदिर की विशेषता यह भी है कि इस पूरे क्षेत्र में यह एकमात्र ऐसा शिव मंदिर है, जहां महाशिवरात्रि के दौरान भव्य मेले का आयोजन होता है। मेले में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में लोग पहुंचते हैं। पूजा-अर्चना के साथ-साथ प्रसाद वितरण और भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा यह मंदिर न केवल धार्मिक आस्था का केंद्र है, बल्कि स्थानीय संस्कृति और परंपरा का भी प्रतीक है। महाशिवरात्रि पर यहां दर्शन करना भक्तों के लिए विशेष आध्यात्मिक अनुभव माना जाता है। वहीं मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर एसडीएम प्रमोद कुमार, सीओ सुमित पांडे, कोतवाल सुशील कुमार, यातायात निरीक्षक वेद प्रकाश भट्ट, एसएसआई दीपक बिष्ट भी मुस्तैद दिखाई दिए।

### रामनगर के रानीखेत रोड पर अज्ञात वाहन की टक्कर से महिला की मौत, पुलिस जांच में जुटी

रामनगर संवाददाता. रामनगर के रानीखेत रोड पर एक अज्ञात वाहन ने सड़क पार कर रही एक अज्ञात महिला को जोरदार टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। रविवार शाम को रानीखेत रोड पर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि तेज रफ्तार वाहन ने महिला को टक्कर मारी और बिना रुके वहां से भाग गया।टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि महिला ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर सरकारी अस्पताल के मोर्चरी में रखवाया गया है।फिलहाल मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस द्वारा आसपास के लोगों से पूछताछ की जा रही है और पहचान के प्रयास जारी हैं। रानीखेत रोड पर रहने वाले लोगों ने बताया कि यह महिला काफी समय से होटल के आसपास रहती है और गुजर बसर करती थी।इस महिला को विमला देवी कहकर बुलाते थे।लगभग इसकी उम्र 60 साल के आसपास होंगी।यह कहा कि रहने वाली थी कोई नहीं जानता है।पुलिस ने बताया कि घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।इस घटना के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश और चिंता का माहौल है। लोगों ने रानीखेत रोड पर बढती तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग पर रोक लगाने की मांग की है। कोतवाल सुशील कुमार ने बताया कि मृतक महिला की पहचान नहीं हो पाई है।शव की शिनाख्त के लिए 72 घंटे तक मोर्चरी में रखवाया गया है।उसके बाद शव का पोस्टमार्टम किया जाएगा।रानीखेत रोड स्थित पर रहने वाले लोगों से अज्ञात महिला के बारे में जानकारी ली जा रही है।

### शिवरात्रि पर महिला कोतवाली ने चलाया जागरूकता अभियान

अल्मोड़ा संवाददाता. शिवरात्रि के अवसर पर महिला कोतवाली पुलिस ने देवस्थल शिव मंदिर में जागरूकता अभियान चलाकर श्रद्धालुओं को विभिन्न विषयों पर जानकारी दी। इस दौरान साइबर अपराध, ऑनलाइन ठगी और महिला एवं बाल सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर विशेष रूप से लोगों को जागरूक किया गया। नवनियुक्त वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर. घोड़के द्वारा जनपद में जागरूकता अभियानों को प्राथमिकता दिए जाने के निर्देशों के क्रम में यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक हरबंस सिंह के मार्गदर्शन और क्षेत्राधिकारी अल्मोड़ा बलवंत सिंह रावत के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक महिला कोतवाली जानकी भंडारी के नेतृत्व में महिला पुलिस टीम ने मंदिर परिसर में पहुंचे श्रद्धालुओं को जागरूक किया।

## जिलाधिकारी अंशुल सिंह के नाम से फर्जी फेसबुक प्रोफाइल, लोगों से मांगा जा रहा मोबाइल नंबर

अल्मोड़ा संवाददाता.जनपद में साइबर ठगी का एक नया मामला सामने आया है, जहां जिलाधिकारी अंशुल सिंह के नाम से एक फर्जी फेसबुक प्रोफाइल बनाकर लोगों को निशाना बनाया जा रहा है। इस प्रोफाइल के माध्यम से लोगों को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी जा रही है और स्वीकार होते ही मैसेज के जरिए व्यक्तिगत जानकारी मांगी जा रही है। मामले का खुलासा तब हुआ जब एक यूजर ने उक्त प्रोफाइल को फ्रेंड रिक्वेस्ट भेजी, जिसे तुरंत स्वीकार कर लिया गया। इसके बाद उस फर्जी अकाउंट से मैसेज आने लगे, जिनमें पहले मोबाइल नंबर मांगा गया। जैसे ही नंबर साझा किया गया, प्रोफाइल की ओर से अंग्रेजी में संदेश भेजा गया कि उनका एक परिचित, जो सीआरपीएफ कैंप में तैनात अधिकारी है, संपर्क करेगा और वह अपने घरेलू सामान व इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं सस्ते दामों पर बेच रहा है। इस तरह के संदेश के जरिए लोगों को झांसे में लेकर संभावित ठगी की आशंका जताई जा रही है। खास बात यह भी सामने आई है कि इस फर्जी प्रोफाइल की टाइमलाइन पर जिलाधिकारी की असली फेसबुक आईडी से पोस्ट साझा किए गए हैं, जिससे यह अकाउंट देखने में वास्तविक प्रतीत होता है और आम लोग आसानी से भ्रमित हो सकते हैं। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने स्वयं इस प्रोफाइल को फर्जी बताते हुए इसकी पुष्टि की है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि इस प्रकार के किसी भी संदिग्ध फेसबुक अकाउंट से सावधान रहें और तुरंत उसे रिपोर्ट करें। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी अंजान व्यक्ति या प्रोफाइल के साथ अपनी व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें।

## भाजपा नेता रविकांत का हार्ट अटैक से निधन

रुद्रपुर संवाददाता. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी एवं आत्मा परियोजना के अध्यक्ष, भाजपा नेता रविकांत वर्मा का हार्ट अटैक से निधन हो गया। उनके निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। ग्राम सैंजनी निवासी 68 वर्षीय रविकांत वर्मा भाजपा शक्ति केंद्र के संयोजक थे। शनिवार देर रात दो बजे उन्होंने अपने घर पर अंतिम सांस ली। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए उनके निवास स्थान पर पहुंच कर परिजनों को ढांढस बंधाया। पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, पूर्व जिला उपाध्यक्ष राजेश तिवारी, मयंक तिवारी, ज्ञान प्रकाश श्रीवास्तव, महामाया मिश्रा, अक्षय अरोरा, नीरज खुग्गर, जसनीत कक्कड़, हरविंदर चुग आदि ने शोक जताया है।

## ललित शौर्य को सीएम ने सम्मानित किया

पिथौरागढ़ संवाददाता. बाल कवि व साहित्यकार ललित शौर्य को सीएम पुष्कर सिंह धामी ने शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। बीते दिनों दिल्ली में आयोजित महोत्सव के दौरान मुख्य अतिथि के तौर पर रहे सीएम धामी ने कहा ललित शौर्य उत्तराखंड संस्कृति के ब्रांड अम्बेसडर हैं। वह देश के विभिन्न प्रान्तों में जाकर सांस्कृतिक महोत्सवों का संचालन कर रहे हैं। कार्यक्रम में पूर्व राज्यपाल महाराष्ट्र भगत सिंह कोश्यारी, केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी, कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज, डीजीपी उत्तराखंड दीपम सेठ, सेवा संकल्प फाउंडेशन की संस्थापक गीता धामी मौजूद रही।

## पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

पिथौरागढ़ संवाददाता. न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष बलुवाकोट मेघा शर्मा के नेतृत्व में पुलिस ने अभियुक्त नगतड़ निवासी अशोक कुमार को बलुवाकोट से गिरफ्तार किया। बताया कि संबंधित के खिलाफ बीएनएस की धारा 317(2), 305(1) के तहत न्यायालय में वाद विचाराधीन था। बार-बार समन भेजे जाने के बावजूद न्यायालय ने हाजिर ना होने पर व्यक्ति के खिलाफ वारंट जारी किया गया।

### क्वीतड़ गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन

पिथौरागढ़ संवाददाता. एसएसबी 55वीं वाहिनी की ओर से मूनाकोट ब्लॉक के क्वीतड़ गांव में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ। रविवार को मुख्य चिकित्साधिकारी एसजी डॉ. सौम्या हलदर ग्रामीणों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें निःशुल्क दवाईया वितरण की। इस दौरान ग्रामीणों को स्वच्छ पेयजल का महत्व, संतुलित पोषण, व्यक्तिगत स्वच्छता, मौसमी बीमारियों से बचाव, प्राथमिक उपचार व स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर जानकारी दी गई। एसएसबी के जवानों ने लोगों को नियमित स्वास्थ्य जांच व स्वच्छ जीवनशैली अपनाने को प्रेरित किया।

## यातायात नियमों के उल्लंघन पर 172 पर कार्रवाई

पिथौरागढ़ संवाददाता. पुलिस ने यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार पुलिस ने जिले भर में चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस को 172 लोग यातायात नियमों का उल्लंघन करते हुए मिलें। पुलिस ने संबंधितों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है।

## शिवरात्रि पर बालेश्वर मंदिर में लगा मेला

पिथौरागढ़ संवाददाता. नगर के प्राचीन बालेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि के अवसर पर मेले का आयोजन हुआ। रविवार को सुबह तड़के चार बजे से ही श्रद्धालुओं का मंदिर पहुंचना शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं ने पार्वती मंदिर, हनुमान मंदिर, केदारनाथ शिला, भैरवनाथ मंदिर और रामगंगा नदी के तट पर गंगा पूजन कर अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। मंदिर परिसर में पुजारियों ने विधि-विधान के साथ पूजा संपन्न कराई।

### सड़क हादसे में मां-बेटी के घायल होने के मामले में केस दर्ज

काशीपुर संवाददाता. बीते माह अलीगंज रोड स्थित प्रकाश काउंटी के पास एक तेज रफ्तार बाइक सवार द्वारा स्कूटी सवार मां-बेटी को टक्कर मारकर घायल करने के मामले में पुलिस ने पिता की तहरीर पर आरोपी बाइक चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। मुरादाबाद के मोहल्ला कटरा बंशीधर सैनियों वाली गली निवासी मनोहर सिंह सैनी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि 11 जनवरी की शाम उनकी पुत्री लता सैनी और धेवती सृष्टि सैनी अपनी स्कूटी से काशीपुर से अलीगंज रोड स्थित अपने घर जा रही थीं। जैसे ही वे प्रकाश काउंटी, पैगा गेट के पास पहुंचीं, तभी पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार बाइक के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए स्कूटी को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि लता सैनी के पैर के लिगामेंट टूट गए और सृष्टि की बाएं पैर में फ्रेक्चर के साथ शरीर पर कई घातक चोटें आई हैं। उन्हें मुरादाबाद और फिर गंभीर हालत को देखते हुए दिल्ली रेफर कर दिया गया। बताया कि घायलों के उपचार में व्यस्त होने के कारण रिपोर्ट दर्ज कराने में देरी हुई।

## मधुरिमा तुली ने खास अंदाज में किया फैंस को न्यू ईयर विश, दुनिया के सामने कह दी ये बात

दुनियाभर में लोग नए साल का जश्न मना रहे हैं और एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते हुए नजर आ रहे हैं. वहीं, बॉलीवुड से लेकर टीवी सेलेब्स तक फैंस को बधाई देने में लगे हुए हैं. अब टीवी एक्ट्रेस मधुरिमा तुली एक बार फिर से सुर्खियों में छाई हुई हैं. मधुरिमा ने अपने खास अंदाज में फैंस को नए साल की शुभकामनाएं दी हैं.उन्होंने लेटेस्ट इंटरव्यू में जमानेके नाम एक बेहद प्यारा पैगाम दिया. बॉलीवुड लाइफ से बात करते हुए एक्ट्रेस ने फैंस को शुभकामनाएं दीं. एक्ट्रेस के पोस्ट पर फैंस खूब प्यार बरसा रहे हैं. मधुरिमा तुली अपने बेबाक अंदाज के लिए जानी जाती हैं.नए साल के इस मैसेज में उन्होंने दुनिया को एक बड़ी सीख भी दी उन्होंने अपने इंटरव्यू में कहा,आप सभी को नए साल की बहुत बहुत शुभकामनाएं, ये साल आपके लिए बहुत सारा प्यार, खुशी और सफलता ले कर आए. आप सभी को बहुत प्यार और हैप्पी न्यू ईयर. मधुरिया का ये बयान काफी चर्चा में बना हुआ है.उन्होंने हमेशा अपनी निजी और प्रोफेशनल जिंदगी में आने वाले उतार-चढ़ाव का सामना मजबूती से किया है.एक्ट्रेस ने चंद्रकांता सीरियल से घर-घर में अपनी अलग पहचान बनाई. फैंस उनके राजसी लुक और दमदार एक्टिंग ने दर्शकों को दीवाना बना दिया था.इसके अलावा उन्हें बिग बॉस और नच बलिए जैसे रिएलिटी शोज में देखा गया. मधुरिमा पिछले कुछ वक्त से ओटीटी प्रोजेक्ट्स में भी एक्टिव हैं और अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत रही हैं. एक्ट्रेस को लोग बेहद पसंद करते हैं. वहीं, चंद्रकांता में उनकी एक्टिंग आज भी लोग याद करते हैं.मधुरिमा बेशक किसी टीवी शो में नजर नहीं आ रही हैं. लेकिन, सोशल मीडिया पर खासा एक्टिव रहती हैं. इंस्टाग्राम पर एक्ट्रेस के 1 मिलियन फॉलोवर्स हैं, जो उन्हें बेहद पसंद करते हैं. एक्ट्रेस अपनी एक्टिंग के साथ-साथ ग्लैमरस अंदाज के लिए जानी जाती हैं.



## बॉलीवुड में मौके खोने का था डर, इसलिए त्रिधा चौधरी ने हॉलीवुड प्रोजेक्ट से बनाई दूरी

अभिनेत्री त्रिधा चौधरी हाल ही में फिल्म किस किस को प्यार करूं-2 में नजर आई थीं। उन्होंने अपनी जिंदगी और करियर के बारे में खुलकर बात की। अभिनेत्री ने बताया कि वह अलग-अलग फिल्म को बहुत सोच समझकर चुनती हैं। उन्होंने अपनी बात रखते हुए कहा कि हॉलीवुड से एक अच्छा ऑफर मिला था, लेकिन बोल्ड सीन्स करने से उन्हें बाकी जगह से ऑफर ठुकरा दिए जाते। अभिनेत्री ने कहा, मुझे अच्छी तरह से पता था कि ऐसे सीन करने से मेरा भविष्य प्रभावित हो सकता है। खासकर बॉलीवुड और अन्य भारतीय इंडस्ट्री में मौके कम हो जाते हैं।

अभिनेत्री ने समझाया कि बोल्ड सीन करने से उन्हें एक खास तरह की इमेज मिल जाती है। इससे कई अच्छे प्रोजेक्ट्स हाथ से निकल सकते थे। वे नहीं चाहती थीं कि एक प्रोजेक्ट की वजह से उनका लंबे समय का करियर खतरे में पड़ जाए। उन्होंने कहा, अगर मैं हॉलीवुड में एक ऐसा प्रोजेक्ट करती, जिसमें बोल्ड सीन्स होते, तो इससे मेरे कई अन्य प्रोजेक्ट्स रुक जाते हैं। मुझे यह पहले से पता था। यही वजह थी कि मैंने पहले से हॉलीवुड में कदम रख लिया है, तो अलग तरीके से आगे बढ़ सकती हूं, लेकिन सिर्फ एक प्रोजेक्ट के लिए बॉलीवुड या कहीं और का अपना लंबा सफर जोखिम में नहीं डालूंगी।

त्रिधा हाल ही में कपिल शर्मा की फिल्म किस किस को प्यार करूं-2 में नजर आई थी। फिल्म में कपिल और त्रिधा के अलावा, आयशा खान, पारुल गुलाटी और हीरा वरीना मुख्य भूमिका में नजर आए थे। अखिलेंद्र मिश्रा कपिल शर्मा के पिता के रोल में हैं। उन्होंने फिल्म के सबसे मजेदार पल दिए हैं। वहीं, फिल्म को वीनस वर्ल्डवाइड एंटरटेनमेंट और अब्बास-मस्तान ने मिलकर प्रोड्यूस किया है। यह एक कॉमेडी ड्रामा फिल्म है, जिसमें हंसी, मस्ती, दोस्ती और खुशियों से भरे पल शामिल हैं। हालांकि, फिल्म को दर्शकों से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली थी। फिल्म धुरंधर के आगे कपिल शर्मा की ये फिल्म ज्यादा कमाल नहीं दिखा सकी थी।



## बदन पर पट्टियां, हाथ में शराब, स्पिरिट से प्रभास और तृप्ति के इंटेंस फर्स्ट लुक ने मचा दिया बवाल

नए साल पर फिल्मों के साथ सरप्राइज देने की अपनी परंपरा को निभाते हुए, फिल्ममेकर संदीप रेड्डी वांगा ने अपनी बहुत इंतजार वाली फिल्म स्पिरिट का फर्स्ट लुक पोस्टर शेयर किया. इसमें प्रभास और त्रिप्ति डिमरी लीड रोल में हैं. प्रभास के फर्स्ट लुक ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया और नेटिजन्स इसकी बहुत तारीफ कर रहे हैं.वांगा ने एक्स पर पोस्टर शेयर किया और लिखा, इंडियन सिनेमा: अपने अजानुबाहुडू / अजानुबाहु को देखें. हैप्पी न्यू ईयर 2026. मेकर्स ने अपने कैप्शन से एक्साइटमेंट को और बढ़ा दिया: आपको वह पसंद था, जो पहले था. अब उससे प्यार करें जिसके बारे में आपको कभी पता नहीं थापोस्टर अपने आप में बहुत शानदार और इंटेंस है. इसमें घायल प्रभास खिड़की के पास खड़े हैं, जबकि त्रिप्ति को सिगरेट जलाते हुए देखा जा सकता है. बिना कपड़ों के प्रभास ने ऑफ-व्हाइट पैंट और काले चश्मे में हाथ में शराब की बोतल लिए पोज दिया है. दूसरी ओर, बेज रंग के आउटफिट और सिंपल सोने की चूड़ी पहने त्रिप्ति ने इस कच्चे फ्रेम में एक अजीब सी शांति जोड़ दी है. यह तस्वीर एक साथ दर्द, ताकत और खतरे का एहसास कराती है. फैंस ने तुरंत अपने रिएक्शन दिए। एक यूजर ने लिखा, 2026 विश से शुरू नहीं होता, यह एक वॉर्निंग से शुरू होता है. एक और कमेंट में लिखा था, किंग खून बह रहा है, लेकिन स्वैगर में कोई बदलाव नहीं है. कई लोगों को लगा कि अकेले पोस्टर में ही बॉक्स ऑफिस को हिला देने के लिए काफी इंटेंसिटी थी, एक फैन ने दावा किया कि टीजर सर्वर पिघला देगा. एक और फैन ने लुक की तुलना वांगा के पिछले काम से की और कहा, रणविजय सिंह वार्म-अप थे. यह आदमी ऐसा दिखता है, जैसे वह नाश्ते में 500 किलो की मशीन गन खा जाएगा. एक और ने इसे अर्जुन रेड्डी का और भी बड़ा वर्शन कहा. कई फैंस ने बड़ी संख्या की भविष्यवाणी की, और पूरे भरोसे के साथ कहा कि स्पिरिट अकेले हिंदी मार्केट में 1,000 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर जाएगी.वंगा और प्रभास की पहली कोलेबोरेशन स्पिरिट को भूषण कुमार की टी-सीरीज और भद्रकाली पिक्चर्स ने सपोर्ट किया है. प्रभास और त्रिप्ति के अलावा, फिल्म में प्रकाश राज और विवेक ओबेरॉय भी अहम रोल में हैं, और खबर है कि विवेक विलेन का रोल कर रहे हैं.इससे पहले, अक्टूबर में प्रभास के जन्मदिन पर, मेकर्स ने पांच भाषाओं में एक ऑडियो टीजर रिलीज किया था. टीजर से पता चला कि प्रभास एक आईपीएस ऑफिसर का रोल कर रहे हैं, जो अभी जेल में है. फिल्म 2026 में रिलीज होने वाली है, और अगर फर्स्ट लुक को देखें, तो फैंस को वंगा की एक और बोल्ड पेशकश के लिए तैयार हो जाना चाहिए.

## साल 2026 में ग्रहों की चाल से इन जातकों का बदलेगा भाग्य, 12 राशियों का वार्षिक राशिफल

नए साल में क्या होगा और क्या नहीं यह हर कोई पहले सा जानना चाहता है। भविष्य में क्या होगा इसे जानने के लिए हर कोई बहुत ही उत्सुक रहता है। तो आपको बता दें कि ज्योतिषीय दृष्टि से साल 2026 बेहद खास माना जा रहा है। इस वर्ष गुरु, शनि, राहु और केतु जैसे बड़े ग्रह अपनी-अपनी चाल बदलेंगे, जिसका असर सभी 12 राशियों के जीवन, करियर, शिक्षा, धन और पारिवारिक मामलों पर देखने को मिलेगा। वार्षिक राशिफल 2026 के अनुसार यह साल कई राशियों के लिए तरक्की और नई शुरुआत का संकेत देगा, जबकि कुछ को सतर्क रहने की सलाह दी जाती है। तो आइए जानते हैं साल 2026 का वार्षिक राशिफल।मेष राशि :आने वाले साल आपके लिए ठीक-ठाक रहने वाला है। भाग्योदय के लिए श्री विष्णु जी की उपासना करें। अगर आप सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहे हैं तो उसमें सफलता मिलने के बहुत ही ज्यादा चांस है। आर्थिक स्थिति के लिहाजा से साल 2026 आपके लिए अच्छा रहेगा। यदि खुद का कुछ बिजनेस शुरू करना चाहते हैं तो यह वर्ष बहुत ही अच्छा रहेगा। आने वाले साल में आपका दांपत्य जीवन बेहतरीन रहने वाला है। जीवनसाथी के साथ रिश्तों में नजदीकियां व प्यार बढ़ेगा। आपको अपने हर निर्णय में जीवनसाथी का सहयोग मिलेगा। वर्ष 2026 हेल्थ के लिए मिला-जुला रहेगा।वृष राशि :साल 2026 आपके लिए शानदार रहने वाला है। लोहे के बर्तनों का नियमित प्रयोग आपकी आमदनी को बढ़ाएगा। रसोई को पवित्र बनाये रखने व चने की दाल धर्म स्थल पर देने से आपका मकान बनेगा। इस साल चांदी के गिलास में दूध पीने से अनेक लाभ होंगे। 2026 की शुरुआत आर्थिक दृष्टि से मिली-जुली रहने वाली है। आपको अपने प्रयासों का परिणाम मिलेगा। खर्चों में अचानक वृद्धि के आसार बन रहे हैं। इस वर्ष आपको अपने खर्चों का बजट बनाना होगा। छात्रों के लिए वर्ष 2026 किसी वरदान से कम नहीं है, मनचाही सफलता मिलने की संभावना है।

हिन्दी दैनिक जोखिम

# महाशिवरात्रि में शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

ऋषिकेश संवाददाता. ऋषिकेश में महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। श्रद्धालुओं ने शिवालयों में जलाभिषेक किया और गंगा घाटों पर स्नान किया। चंद्रेश्वर महादेव, वीरभद्र महादेव सहित कई मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। मेले में झूले और स्वादिष्ट व्यंजनों का भी आनंद लिया गया।महाशिवरात्रि में शिवालयों में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेकतीर्थनगरी ऋषिकेश में रविवार को महाशिवरात्रि का पर्व धूमधाम से मनाया गया। क्षेत्र के शिवालयों में महाशिवरात्रि पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। रविवार को दिनभर शिवालयों में घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारे गूंजते रहे। ऋषिकेश में महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार सुबह से ही शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ती दिखी। घंटियों और शंख की ध्वनि के बीच बम बम भोले के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। शिवर मंदिरों में सुबह से ही शिव भक्त की लाइन में लगे रहे। ऋषिकेश के चंद्रेश्वर महादेव मंदिर, वीरभद्र महादेव मंदिर, सोमेश्वर महादेव मंदिर सहित अन्य शिवालयों में श्रद्धालु भगवान शिव का जलाभिषेक करने के लिए लंबी लाइनों में लगे रहे और अपनी अपनी बारी कर इंतजार करते दिखे। शिव भक्तों ने भांग, धतूरा, बेल पत्र, फल और पूजा सामग्री से भगवान शिव की पूजा अर्चना और जलाभिषेक किया। इस दौरान तमाम मंदिरों व आसपास के क्षेत्र में माहौल भक्तिमय बना रहा। जलाभिषेक कर भक्तों ने भगवान शिव से अपने परिवार के लिए सुख-समृद्धि की कामना की।महाशिवरात्रि पर गंगा स्नान को उमड़े श्रद्धालु महाशिवरात्रि को लेकर तीर्थनगरी ऋषिकेश के तमाम गंगा घाटों में गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। रविवार तड़के से दोपहर तक गंगा घाटों में श्रद्धालु स्नान करते दिखे। ऋषिकेश का त्रिवेणी घाट, नाव घाट, रामानंद घाट, दत्तात्रेय घाट, साईं घाट, 72 सीढ़ी घाट, मुनिकीरेती का दयानंद घाट, पूर्णानंद घाट, शत्रुघ्न घाट, स्वर्गाश्रम जोंक का सीता घाट, राम घाट आदि जगहों पर श्रद्धालुओं की भीड़ दिनभर दिखी। गंगा स्नान करने के बाद श्रद्धालुओं ने शिवालयों में पहुंचकर पूजा अर्चना की।मेले में झूले और स्वादिष्ट व्यंजनों का उठाया लुत्फमहाशिवरात्रि पर्व को लेकर वीरभद्र महादेव मंदिर के समक्ष मैदान में मेले का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के लिए विभिन्न प्रकार के झूले, खिलौनों और स्वादिष्ट व्यंजनो की दुकानें लगी। क्षेत्र के लोगों व बच्चों ने मेले में पहुंचकर वहां लगे झूले का आनंद उठाया। इसके अलावा बच्चे खेल सामग्री खरीदते दिखे। कई लोग ने फास्ट फूड व अन्य व्यंजनों की दुकान में स्वाद चखते और लुत्फ उठाते दिखे।

# मांडो गदेरे में सुरक्षात्मक कार्यों पर उठे सवाल

**-गदेरे में पड़े मलबे को चौनालाइज करने का किया जा रहा है दावा**

उत्तरकाशी संवाददाता.मांडो गांव के गदेरे में सिंचाई विभाग की ओर से किए गए सुरक्षात्मक कार्यों पर स्थानीय लोगों ने नाराजगी व्यक्त की है। ग्रामीणों का कहना है कि वहां पर मात्र दो से तीन फीट की वायरक्रेट दीवार लगाकर इतिश्री कर दिया गया है। साथ ही विभाग की ओर से गदेरे में पड़े मलबे को चौनालाइज करने का दावा किया जा रहा है लेकिन वहां पर मलबा अभी भी उसी तरह पसरा हुआ है। मांडो गांव के नरेंद्र चौहान, रविंद्र गुसाईं, प्रीतम चौहान, इंद्रेश उनियाल ने कहा कि वर्ष 2021 में मांडो गदेरे में आई आपदा के कारण तीन लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। साथ ही गांव के कई घरों को अभी भी खतरा बना हुआ है। उसके बाद सिंचाई विभाग की ओर से वहां पर सुरक्षात्मक कार्य किए गए लेकिन वह भी पूरी सुरक्षा नहीं दे पाए। ग्रामीणों की मांग के बाद अब प्रशासन की ओर से सिंचाई और लघु सिंचाई विभाग को वहां पर सुरक्षात्मक कार्य और गदेरे में हौज बनाने की जिम्मेदारी दी गई है। सिंचाई विभाग की ओर से वहां पर कुछ दिन पूर्व चौनालाइज का कार्य और करीब सात लाख की लागत से वायरक्रेट दीवार लगाने का कार्य किया गया लेकिन उसमें मात्र 20 से तीस मीटर लंबी दीवारों के साथ की करीब तीन फीट ऊंची दीवार लगाई गई है। ग्रामीणों का आरोप है कि वहां पर मलबा अभी भी पड़ा हुआ है। वह कभी भी बरसात में खतरा बना सकता है। हल्की सी बरसात में वह सड़क पर बहने के बाद घरों में मलबा घुसता रहता है।

साथ ही जो दीवारें लगाई गई हैं, उनसे मानसून में किसी भी प्रकार की सुरक्षा नहीं हो सकती है। सिंचाई विभाग के अवर अभियंता गौरव बहुगुणा ने बताया कि अभी वहां पर 20 वायरक्रेट दीवार ओर लगनी है। किसी विवाद के कारण कार्य रुका हुआ है।

संक्षिप्त समाचार...

## तीन पिल्लों को पटक-पटककर मारने के आरोपी पर मुकदमा

देहरादून संवाददाता. प्रेमनगर थाना क्षेत्र के बिधौली में एक व्यक्ति ने गुस्से में आकर बेजुबान पिल्लों पर कहर बरपाया। आरोप है कि उक्त व्यक्ति ने गली में रहने वाली एक कुतिया के तीन नवजात पिल्लों को जमीन पर पटक-पटककर मार डाला। इस हृदयविदारक घटना के बाद स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एसओ प्रेमनगर कुंदन राम ने बताया कि घटना 14 फरवरी की शाम की है। पुलिस को दी गई शिकायत में बिधौली निवासी परीक्षा तोमर और प्रीति टंडन ने बताया कि उनके पड़ोस में एक गली की कुतिया ने हाल ही में छह बच्चों को जन्म दिया था। शनिवार की शाम उनके पड़ोस में रहने वाले महावीर सजवान ने जानबूझकर तीन पिल्लों को उठाया और उन्हें बेरहमी से जमीन पर पटकना शुरू कर दिया।

## महाशिवरात्रि और वीकेंड में तीर्थनगरी की सड़कों पर लगा जाम

ऋषिकेश संवाददाता. तीर्थनगरी में महाशिवरात्रि पर शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की आमद हुई। सड़कों पर वाहनों के दबाव से ट्रैफिक पटरी से उतर गया। इसके चलते लगे जाम से लोगों को काफी मुसीबतें झेलनी पड़ीं। रविवार को तीर्थनगरी ऋषिकेश में विभिन्न सड़कों पर जाम की स्थिति देखने को मिली। जिसका मुख्य कारण नीलकंठ सहित विभिन्न शिवालयों और गंगा स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालुओं की संख्या रहा। श्रद्धालुओं के वाहनों के दबाव के चलते मुख्यत: हरिद्वार राजमार्ग पर जाम की स्थिति देखने को मिली। रविवार को हरिद्वार राजमार्ग, घाट रोड़, वीरभद्र मार्ग, नीलकंठ मार्ग, लक्ष्मणझूला रोड आदि जगहों पर जाम की स्थिति सुबह से शाम तक बनी रही।

## लकड़ी के पोल के सहारे हो रही बिजली की सप्लाई

ऋषिकेश संवाददाता. ऋषिकेश विधानसभा क्षेत्र के ग्राम पंचायत साहबनगर में करीब 20 वर्षो से बिजली की सप्लाई लकड़ी के पोल के सहारे की जा रही है, जो किसी भी समय बड़े हादसे का कारण बन सकती है। ग्राम पंचायत सदस्य मायाराम पैन्यूली ने बताया कि इस समस्या को लेकर कई बार विभागीय अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन विभाग की ओर से लकड़ी के खंभे को बदला नहीं जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मचारियों द्वारा अतिरिक्त शुल्क लेने की बात भी सामने आई है। पंचायत सदस्य का आरोप है कि कर्मचारियों ने कहा कि पैसा दो तो रातों-रात खंभा भी बदल दिया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि इस तरह की लापरवाही से कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। इस संबंध में जेई नरेश कश्यप का कहना है कि क्षेत्र में कहीं भी लकड़ी के पोल नहीं हैं, जबकि साहबनगर में लकड़ी के पोल के सहारे बिजली की आपूर्ति देखी जा सकती है।

# महाशिवरात्रि पर भोले के दर्शन को उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब

ऋषिकेश संवाददाता. महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भोलेनाथ के दर्शन के लिए शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों के प्रमुख शिवालयों में रविवार तड़के से ही जलाभिषेक का क्रम आरंभ हुआ। श्रद्धालु लंबी-लंबी कतारों में खड़े होकर भगवान शिव का जल, दूध, बेलपत्र, धतूरा और पुष्पों से अभिषेक करते नजर आए। रविवार को डोईवाला में पूरा वातावरण हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयघोष से भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने प्रेमनगर बाजार शिव मंदिर, ऋषिकेश रोड अग्रवाल धर्मशाला सोमेश्वर मंदिर, लच्छीवाला लच्छेश्वर प्राचीन शिव मंदिर, कुड़कावाला लोधेश्वर शिव मंदिर, देहरादून रोड शक्ति सिद्ध पीठ मंदिर तथा भानियावाला वाला प्राचीन शिव मंदिर सहित आसपास के अन्य शिवालयों में पहुंचकर भगवान शिव की आराधना की। कई मंदिरों में विशेष पूजन, रुद्राभिषेक और भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिससे श्रद्धालु देर तक शिव भक्ति में लीन रहे। अग्रवाल धर्मशाला सोमेश्वर मंदिर के पंडित रमेश डंडरियाल ने बताया कि महाशिवरात्रि भगवान शिव और माता पार्वती के पावन विवाह का पर्व है। इस दिन विधि-विधान से शिवलिंग का अभिषेक करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं और जीवन में सुख-समृद्धि आती है। लच्छीवाला में शिवरात्रि मेले की धूम: महाशिवरात्रि पर लच्छीवाला में आयोजित मेले में पूरे दिन रौनक बनी रही। मेले में लगाए गए विभिन्न प्रकार के झूलों ने बच्चों को खासा आकर्षित किया। ड्रैगन झूला, नाव झूला, ब्रेक डांस सहित अन्य मनोरंजक झूलों पर बच्चों की लंबी कतारें लगी रहीं। वहीं महिलाओं और बुजुर्गों ने पूजा सामग्री, खिलौने, श्रृंगार और खानपान की दुकानों से जमकर खरीदारी की। शाम ढलते ही मेले की रौनक और बढ़ गई। रोशनी से जगमगाते झूलों और चहल-पहल भरे बाजार ने मेले को आकर्षक बना दिया। परिवार के साथ आए लोगों ने मेले में घूमकर खरीदारी की और बच्चों के साथ झूलों का आनंद लिया। मेले में झूलों का संचालन कर रहे मंसूर अली ने बताया कि महाशिवरात्रि के मौके पर हर साल अच्छी भीड़ रहती है। उन्होंने कहा कि इस बार भी बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने झूलों का भरपूर आनंद लिया और सुरक्षा का विशेष ध्यान रखा गया, ताकि किसी प्रकार की परेशानी न हो।

## श्रमिकों ने पैदल पदयात्रा निकालकर जताया विरोध

ऋषिकेश संवाददाता. लालतप्पड़ औद्योगिक क्षेत्र में श्रमिक शोषण के विरुद्ध श्रमिकों का धरना रविवार को पांचवें दिन भी जारी रहा। श्रमिकों ने पैदल मार्च निकाल कर कंपनी के रवैये पर विरोध जताया। श्रमिकों ने कहा कि महाशिवरात्रि जैसे पावन पर्व पर भी उन्हें धरने पर बैठना पड़ रहा है, जो कंपनी प्रबंधन की मनमानी को दर्शाता है। रविवार को लालतप्पड़ में आयोजित धरने के पांचवें दिन श्रमिकों ने पैदल पदयात्रा निकालकर युरेका फोर्ब्स कंपनी प्रबंधन के खिलाफ अपना रोष प्रकट किया। जीवनवाला ग्राम प्रधान गुरजीत सिंह लाडी और ग्राम पंचायत सदस्य दीवान सजवान ने पहुंचकर आंदोलन को समर्थन दिया। ग्राम प्रधान गुरजीत सिंह लाडी ने कहा कि जनप्रतिनिधि श्रमिकों के शोषण के खिलाफ उनके साथ खड़े हैं और अन्याय के विरुद्ध संघर्ष जारी रहेगा। श्रमिक नेता व सभासद संदीप सिंह नेगी ने कहा कि श्रमिकों की मांगें पूरी होने तक आंदोलन को और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि श्रमिकों का लगातार शोषण श्रम विभाग और शासन-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े करता है।

## चिल्लरखाल मार्ग निर्माण की मांग को लेकर धरने पर डटे रहे लोग

कोटद्वार संवाददाता.। लालढांग-चिल्लरखाल मोटर मार्ग निर्माण आंदोलन के तहत 156वें दिन भी लोग धरने पर डटे रहे। रविवार को धरने पर डटे प्रवीण थापा ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद क्रमिक अनशन और रात्रि का धरना स्थगित कर दिया गया है। सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक धरना निरंतर जारी रहेगा। पूर्व सैनिक संघर्ष समिति के उपाध्यक्ष देवेंद्र रावत ने सरकार और जनप्रतिनिधियों को चेताया कि अगर सरकार जल्द से जल्द एलिवेटेड रोड का निर्माण 24 घंटे यातायात के अनुसार सुनिश्चित नहीं करती, तो आमरण उग्र प्रदर्शन किया जाएगा।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक संजीव पंत द्वारा जेल रोड, हल्द्वानी, नैनीताल उत्तराखण्ड से प्रकाशित एवं चिराग पब्लिकेशन जेल रोड, हल्द्वानी नैनीताल से मुद्रित। **सम्पादक – राजेश पंत**

फोन नं0– 05946-254443 प्रसार प्रबंधकः वसीम अहमद , **आर एन आई नं.: UTTHIN/2010/36647 email:** jokhimhaldwani2013@gmail.com

ताज़ातरीन खबरों व सही जानकारी के साथ समाचार को विस्तार से पढ़नें के लिए लागआन करें हमारा newsportal:. jokhimnews.com